दैनिक जागरण 22/01/2025

गजल कार्यक्रम : ए गमे जिंदगी कुछ तो दे मशवरा

गजल कार्यक्रम में शामिल गुदगुदी जंक्शन के पदाधिकारी व अन्य। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गुदगुदी जंक्शन समूह अंबाला शाखा द्वारा जीएमएन कालेज सभागार में गजल कार्यक्रम महफिल-ए-अदब का आयोजन सोमवार रात्रि में किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की मेजबानी अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने की जिसमें बड़ी संख्या में गजलों के शौकीन शामिल हुए। कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ योगा फेडरेशन अंबाला के अध्यक्ष राजेंद्र विज ने बतौर मुख्यातिथि किया, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज बंसल के अलावा कालेज के प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त, फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल कंवलप्रीत सिंह, पेहोवा से कारोबारी हरीश आर्य विशिष्ट अतिथि रहे।

मंच पर 11 गजलकारों ने गजल पेश किये। इनमें मनोज बंसल ने चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल..., राकेश आहूजा ने और आहिस्ता कीजै बातें..., रोहित जैन ने जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके..., संजीव वशिष्ठ नें ए ग़मे जिंदगी कुछ तो दे मशवरा..., इंद्र परुथी ने हुई महंगी बहुत ही शराब के थोड़ी थोड़ी पिया करो..., अरविंदर सिंह ने मयखाने से शराब से साकी से जाम से..., सुधीर खन्ना ने चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है..., नैंसी ने जिएं तो जिएं कैसे बिन आपके"(फीमेल वर्जन) सुनाया। इसी तरह सुरेंद्र धीमान, अरुण कुमार संजू, मास्टर बाबी आदि ने गजलों से समां बांधा।

गुदगुदी जंक्शन समूह अंबाला शाखा ने जीएमएन कालेज सभागार में आयोजित किया महफिल-ए-अदब कार्यक्रम

श्रोताओं की फरमाइश पर भी गायकों ने गजलें पेश कीं। इस मौके पर संस्था की कार्यकारिणी के संरक्षक सतीश चंद्र पाराशर, डा. संजय गौतम, इंद्र शर्मा, अनिल सैनी, मनीष मल्होत्रा, विक्की रैना, केडी सिंह, बलजीत सिंह, सुरेश आदि मौजूद रहे।